21

मा0 मुख्यमंत्री घोषणा/सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या– /VI/2018–30(01)/2018

प्रेषक,

डॉ0 भूपिन्दर कौर औलख,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

खेलकूद अनुभाग देहरादूनः दिनांक 19 जुलाई, 2018

**विषय : मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या–886/2017 ग्राम खोली में खेल स्टेडियम का निर्माण किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया, उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–423/मु0घो0पत्रा0/2018–19/दे0दून दिनांक 11 जुलाई, 2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के ग्राम खोली में खेल स्टेडियम का निर्माण किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती कि वन विभाग से भूमि के हस्तान्तरण हेतु अनापत्ति प्राप्त कर ली जाय।

2. कृपया उक्तानुसार भूमि के हस्तांतरण हेतु यथोचित कार्यवाही करते हुये प्रस्तावित स्टेडियम के निर्माण हेतु आंगणन शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(डॉ0 भूपिन्दर कौर औलख)
सचिव।

संख्या– 07 /VI/2018–30(1)/2018, तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1 जिलाधिकारी,बागेश्वर को इस आशय से प्रेषित कि स्टेडियम के निर्माण हेतु चयनित उक्त भूमि की उपलब्धता का विवरण तत्काल शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे की उक्त घोषणा की भौतिक प्रगति एवं वस्तुस्थिति से मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय घोषणा अनुभाग को अवगत कराया जा सकें।

2 जिला कीड़ाधिकारी, बागेश्वर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया जिलाधिकारी बागेश्वर से समन्वय स्थापित कर तत्काल सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अतर सिंह)
संयुक्त सचिव।

C:\Users\Desktop\R P JOSHI\R P JOSHI (2016-17)\CM GHOSHNA NEW 2017 Letter.doc.doc